राज्यपाल सचिवालय
राज भवन जयपुर

राज्यपाल श्री मिश्र ने लगवाया कोरोना का दूसरा टीका

कोरोना की दूसरी लहर घातक, लापरवाही नहीं बरतें– राज्यपाल

जयपुर, 15 अप्रेल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने गुरुवार को यहां सवाई मान सिंह अस्पताल परिसर स्थित संक्रामक रोग चिकित्सालय में कोविड–19 का दूसरा टीका लगवाया। राज्यपाल श्री मिश्र को एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. सुधीर भंडारी और मेडिकल टीम की निगरानी में नर्स कौशल्या राजावत ने टीका लगाया।

राज्यपाल श्री मिश्र ने टीका लगवाने के बाद कहा कि कोरोना की दूसरी लहर अधिक घातक है। इससे बचने के लिए सावधानी और कोविड प्रोटोकॉल का पालन नितांत आवश्यक है। सभी लोग जो अपनी आयु के अनुसार वैक्सीनेशन के लिए पात्र हैं, वे निसंकोच टीकाकरण करवाएं। साथ ही, टीका लगवाने के बाद भी लापरवाही नहीं बरतें, निरंतर मास्क लगाएं, आपस में दो गज दूरी बना कर रखें तथा बार–बार साबुन से हाथ धोएं।

इस दौरान एसएमएस हॉस्पिटल के अतिरिक्त अधीक्षक डॉ. अजीत सिंह शेखावत, वैक्सीनेशन नोडल प्रभारी डॉ. धर्मेश एवं मेडीसीन इंचार्ज डॉ. अनुराग उपस्थित रहे।

––––